
# बिहार में इस साल 4 बार दिवाली मनेगी : शाह

- जीएसटी राहत, रामनवमी व चुनावी जीत को बताया कारण
- तरैया रैली में बोले, आरजेडी को हराना जरूरी



**छपरा, 17 अक्टूबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार की जनता इस साल एक नहीं चार बार दिवाली का त्योहार मनाने जा रही है.**

शाह ने तरैया के भाजपा प्रत्याशी जनक सिंह के नामांकन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिवाली अभी तुरंत ही समाप्त हुई है,जब इस राज्य की प्रत्येक जीविका दीदी के खाते में दस हजार रुपया जमा किया गया था. भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दूसरी दिवाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद घरेलू उपयोग की 395 वस्तुओं पर टैक्स कम होने के बाद हमारी जिन्दगी में आई है और तीसरी दिवाली देश और बिहार में तिथि के अनुसार तब मनेगी, प्रभु श्रीराम वनवास समाप्त कर अयोध्या वापस लौटे थे. उन्होंने कहा कि वह तिथि आने ही वाली है.

### हमेशा विजय का पथ खुलता है

शाह ने कहा कि बिहार में जनता के मिजाज से लगता है कि राजग इस बार सबसे बड़े बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाने जा रहा है. उन्होंने कहा कि बिहार का चुनाव राजग नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहा हैं और पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजग का नेतृत्व कर रहे हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब सारण से चुनाव प्रचार की शुरूआत होती है तो हमेशा विजय का पथ खुल जाता है. गृहमंत्री शाह ने कहा कि चौथी दिवाली आगामी 14 नवम्बर को तब मनाई जाएगी,जब चुनाव के बाद प्रदेश में पूर्ण बहुमत से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी.

उन्होंने नागरिकों खासकर युवाओं से आह्वान किया कि लालू के जंगलराज के खिलाफ लड़ने का संकल्प लें. उन्होंने कहा कि जंगलराज की याद करने के लिए छपरा से बेहतर कोई जगह नही हो सकती है. उन्होंने कहा कि उस कमाने में राजग और नीतीश कुमार ने अपनी राजनीतिक लड़ाई लालू के जंगल राज के खिलाफ लड़ी थी और आज की लड़ाई उस जंगल राज के विचार के खिलाफ है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने जंगलराज के प्रतीक बाहुबली शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट दिया है, जो उनकी राजनीतिक मानसिकता को प्रदर्शित करता है.

# न्याय को नजरबंद नहीं कर सकते

### हरिओम के परिजनों से मिलने से रोका गया : राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि वह पीट-पीट कर मारे गए दलित युवक हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने उनके घर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर गये लेकिन प्रशासन ने उन्हें मिलने से रोकने का प्रयास किया.**

गौरतलब है कि हरिओम वाल्मीकि की पिछले दिनों गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई दी. गांधी ने आज उनके आवास फतेहपुर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी और कहा कि वह उनके साथ खड़े है. गांधी ने कहा, हरिओम वाल्मीकि की नृशंस हत्या ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है.उनके परिवार की आंखों में दर्द के साथ एक सवाल था- क्या इस देश में दलित होना अब भी जानलेवा गुनाह है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रशासन पीड़ित परिवार को डराने में जुटा है.

उन्होंने परिवार को मुझसे मिलने से रोकने की कोशिश भी की. यह व्यवस्था की वही विफलता है जो हर बार गुनहगारों की ढाल बनकर पीड़ित को ही कठघरे में खड़ा कर देती है. गांधी ने कहा कि न्याय को नजरबंद नहीं किया जा सकता. भाजपा सरकार को चाहिए कि पीड़ित परिवार पर दबाव खत्म करे और दोषियों को सख्त सज़ा दिलाए. उन्होंने कहा, मैं हरिओम वाल्मीकि के परिवार और देश के हर शोषित, वंचित और कमजोर नागरिक के साथ मजबूती से खड़ा हूं. यह लड़ाई सिर्फ हरिओम के लिए नहीं - हर उस आवाज के लिए है जो अन्याय के सामने झुकने से इनकार करती है.

# केजरीवाल ने दी मान को जन्मदिन की बधाई

### लंबी उम्र और सेवा की ऊर्जा की कामना

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाइयों का तांता लगा रहा है.**

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा किया. केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पंजाब के हरदिलअज़ीज़ मुख्यमंत्री और मेरे छोटे भाई भगवंत मान जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं. भगवान आपको लंबी उम्र, अच्छा स्वास्थ्य और लोगों की सेवा करने की निरंतर ऊर्जा दें. आप यूँ ही पंजाब के हर घर में खुशियाँ बाँटते रहें. केजरीवाल और मान की जोड़ी को आम आदमी पार्टी की डबल इंजन की ताकत माना जाता है. दोनों नेताओं ने पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाकर अपनी पार्टी की लोकप्रियता बढ़ाई है. पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद मान ने जनता के बीच खास पहचान बनाई है खासकर अपने आम आदमी वाले अंदाज़ और जनसरोकारों से जुड़े फैसलों की वजह से. केजरीवाल का यह संदेश ना केवल एक नेता से दूसरे नेता को शुभकामना है, बल्कि एक गहरी राजनीतिक साझेदारी और व्यक्तिगत स्नेह का प्रतीक भी है.

मान समय-समय पर केजरीवाल के प्रति अपना आभार और समर्थन जताते रहे हैं. जन्मदिन पर मान को पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम नागरिकों से भी शुभकामनाएं मिल रही हैं. सोशल मीडिया पर लोग उन्हें पंजाब का बेटा और जनता का सेवक बताते हुए पोस्ट कर रहे हैं. इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय से भी एक औपचारिक बयान आया, जिसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री आज अपने जन्मदिन पर भी कार्य में व्यस्त रहेंगे और शाम को सीमित रूप से अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे.



## इक्वाडोर में जज की गोली मार कर हत्या

**क्विटो, 17 अक्टूबर.** इक्वाडोर के पश्चिमी मनाबी प्रांत में गुरुवार को एक जज की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. स्थानीय मीडिया के अनुसार, जज मार्कोस मेंडोजा की एक स्कूल के बाहर उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह अपने बच्चों को छोड़ने जा रहे थे. प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि बाइक सवार एक हथियारबंद हमलावर ने जज को रोका और उन पर गोलियां चला दीं. हत्यारे मोटर साइकिल पर आये थे और उनमें से एक ने उन्हें रोककर उन पर गोली दाग दी. पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है. उल्लेखनीय है कि मेंडोजा अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के अधीन एक कथित धन शोधन मामले की जांच से जुड़े हुए थे.

# 'आदि कर्मयोग' योजना से मिली मजबूती

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि 'आदि कर्मयोगी' योजना के माध्यम से जन भागीदारी योजना को मजबूती मिली है.**



श्रीमती मुर्मु ने आदि कर्मयोगी अभियान पर राष्ट्रीय सम्मेलन में शुक्रवार को कहा कि आदि कर्मयोगी के तहत जनजातीय समुदाय के विकास के लिए जो काम किया गया है वह सराहनीय है. उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान इस परिवर्तनकारी सोच के साथ शुरू किया गया है कि प्रत्येक आदिवासी गांव आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बने. इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्र की विकास की यात्रा में आदिवासी समुदाय की भी भागीदारी हो और विकास का लाभ सभी आदिवासी क्षेत्रों और लोगों तक पहुंचे.उन्होंने कहा कि आदिवासी सदियों से इस देश में रहते हैं, लेकिन उनका स्वभाव ऐसा है कि आज आजादी के 75 साल बाद भी आदिवासी उसी जगह पर रह रहे हैं, जहां वह पहले थे. यह इसलिए है कि इन समुदायों के लोग स्वभिमान के साथ जीते हैं. वह किसी से कुछ नहीं मांगते नहीं है. बहुत से आदिवासी आईएस, आईपीएस तो बन गये लेकिन बहुत से आदिवासी आज भी उसी स्थान पर रहकर जीवन यापन करते हैं.

राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासियों के लिए सोचना सिर्फ सरकार का काम नहीं है. आदिवासियों को भी स्वयं भी अपने बारे में सोचना चाहिए, इसलिए सरकार ने आदि कर्मयोगी योजना शुरू की है.

इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने कहा कि आदिवासी समाज में विश्वास और भरोसा महत्वपूर्ण होता है, इसलिए उनका भरोसा जीतना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जनजाति समुदाय से आती है, इसलिए वह जनजाति समुदाय की समस्याओं को अच्छी तरह से समझती है.

## उपराष्ट्रपति के चेन्नई स्थित घर को बम से उड़ाने की धमकी झूठी

**चेन्नई, 17 अक्टूबर.** पराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के चेन्नई स्थित घर में शुक्रवार को बम रखे होने संबंधी एक गुमनाम कॉल झूठी साबित हुयी. श्री राधाकृष्णन का घर चेन्नई शहर के मायलापुर क्षेत्र में स्थित है. तमिलनाडु पुलिस महानिदेशक कार्यालय को प्राप्त हुए गुमनाम ईमेल के तुरंत बाद पुलिस अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ते तथा खोजी श्वानों के साथ परिसर की गहन तलाशी ली. वहां कोई विस्फोटक नहीं मिला और धमकी भरा ईमेल एक झूठी कॉल साबित हुआ. इसी मेल को भेजने वाले गुमनाम व्यक्ति ने कोयम्बटूर में एक स्थान के लिए भी ऐसी ही धमकी दी, जिसकी गहन तलाशी ली गई.

### एक नजर में



## बुखारेस्ट के अपार्टमेंट में विस्फोट, 3 की मौत

**बुखारेस्ट, 17 अक्टूबर.** रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में शुक्रवार को एक अपार्टमेंट ब्लॉक में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए. आपातकालीन विभाग के प्रमुख राएद अराफात ने कहा कि बचाव दल को एक और पीड़ित मिला है, लेकिन हमारे पास अभी और कोई जानकारी नहीं है. विस्फोट में तीसरी मौत की पुष्टि हो चुकी है. कैलिया राहोवेई स्थित एक आवासीय इमारत में हुए इस विस्फोट के कारण कई अपार्टमेंटों को भारी नुकसान पहुंचा. आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार, इसमें कई लोग घायल हो गये और झुलस गए. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने डीएसयू, गृह मंत्रालय और आपातकालीन अस्पतालों के साथ आपातकालीन संकट कक्ष स्थापित किया है. अग्निशमन कर्मियों ने कैलिया राहोवेई स्थित घटनास्थल पर 20 आपातकालीन वाहन तैनात किए हैं. क्षतिग्रस्त इमारत के अंदर तलाशी अभियान में सहायता के लिए दो श्वान टुकड़ियां तैनात की गई है. अधिकारी विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं.

## करोड़ों की क्रिप्टो करेंसी जब्त, ईडी ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली 17 अक्टूबर.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने अनधिकृत फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, ऑक्टाएफएक्स की चल रही जांच के तहत 2 हजार 385 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी के रूप में चल संपत्तियां जब्त की हैं।ईडी ने पुष्टि की है कि स्पेनिश पुलिस ने उनके अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए स्पेन में पावेल प्रोजोरोव को गिरफ्तार किया है।प्रोजोरोव की पहचान इस योजना के मास्टरमाइंड के रूप में की गई है, जिसमें कई देशों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराध शामिल हैं। ईडी ने महाराष्ट्र के पुणे में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की।

## जापान के पूर्व पीएम तोमीची मुरायामा का निधन

**टोक्यो, 17 अक्टूबर.** पूर्व जापानी प्रधानमंत्री तोमीची मुरायामा का उनके गृह नगर ओइता में 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वह 1990 के दशक के मध्य में देश के प्रधानमंत्री रहे थे. क्योदो समाचार समिति ने यह जानकारी दी है. ओइता प्रान्त में 3 मार्च, 1924 को जन्मे श्री मुरायामा 1993 में जापान सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने और जून 1994 से जनवरी 1996 तक प्रधानमंत्री रहे.

# डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले पर कोर्ट सख्त

- वरिष्ठ नागरिक से 1.5 करोड़ की ठगी का मामला
- कोर्ट ने किया केंद्र सरकार, अन्य को जवाब तलब



**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर. उच्चतम न्यायालय ने डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले के मामले में शुक्रवार को केंद्र सरकार और सीबीआई और अन्य को नोटिस जारी किया.**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई वरिष्ठ नागरिकों की जीवन भर की बचत को चपत लगाने से जुड़े मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए केंद्र, सीबीआई और अन्य से जबाव तलब किया. पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से देश भर में इस तरह के अपराधों को अंजाम दिए जाने के तरीके को ध्यान में रखते हुए अदालत की सहायता करने का अनुरोध किया. शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्वत: संज्ञान रिट याचिका अंबाला के एक वरिष्ठ नागरिक दंपति द्वारा दायर की गई शिकायत के आधार पर लिया गया है. इस दंपति की जीवन भर की जमा-पूंजी तीन सितंबर, 2025 से 16 सितंबर, 2025 के दौरान हुए डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले के जरिए ठग ली गयी थी.

पीठ ने कहा, पीड़ितों ने बताया है कि सीबीआई अधिकारी और अन्य अधिकारी बनकर उनसे टेलीफोन और वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया गया. धोखेबाजों ने व्हाट्सएप और वीडियो कॉन्फ्रेंस के ज़रिए शीर्ष अदालत के आदेश दिखाए और गिरफ्तारी व संपत्ति ज़ब्त करने का डर दिखाकर पीड़ितों से कई बैंकों के जरिए एक करोड़ 50 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए. पीठ ने घोटालेबाजों द्वारा अदालत के अधिकारों के कपटपूर्ण इस्तेमाल पर भी कड़ा रुख अपनाया, जिससे कानून के शासन के अलावा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव पर भी प्रहार हुआ.

### आज का इतिहास

1564 इंग्लैंड के नौसैनिक कमांडर जॉन हॉकिन्स ने दूसरी बार अमेरिका यात्रा शुरू की.

1572 स्पेन की सेना ने मास्ट्रिच पर हमला कर दिया.

1648 उत्तर अमेरिकी उपनिवेशों में बोस्टन शूमेकर्स पहला श्रम संगठन बना.

1867 रूस के अलास्का क्षेत्र को खरीदने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री विलियम सिवार्ड द्वारा किए गए करार को मंजूरी दी गई और राजधानी सितका में अमेरिकी ध्वज फहराया गया.

# सीबीआई ने तमिलनाडु के करूर भगदड़ की जांच संभाली

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेता से राजनेता बने विजय की तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) की ओर से तमिलनाडु के करूर में गत 27 सितंबर को आयोजित एक रैली के दौरान मची भगदड़ की घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है.**

इस हादसे में 41 लोगों की जान चली गयी थी. सीबीआई की एक टीम शुक्रवार की सुबह तमिलनाडु पहुंची और टीम की करूर में घटनास्थल का दौरा करने की उम्मीद है. जांच के तौर पर अधिकारी इस हादसे में बचे लोगों और पीड़ितों के परिवारों से मिलकर उनके बयान दर्ज करेंगे.

गौरतलब है उच्चतम न्यायालय ने इस घटना की जांच संघीय एजेंसी को सौंप थी. शीर्ष अदालत ने हाल ही में मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से घटना की विशेष जांच दल द्वारा जांच कराने के आदेश को खारिज कर दिया था. न्यायालय ने पहले एसआईटी का गठन किया था. विजय के नेतृत्व वाली टीवी के पार्टी ने उच्च न्यायालय के एसआईटी जांच के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी. शीर्ष अदालत में टीवीके की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने 3 सदस्यीय समिति की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया.

# सबरीमाला गोल्ड केस में पोट्टी दस दिन की रिमांड पर

**तिरुवनंतपुरम, 17 अक्टूबर. केरल के पथनमथिट्टा की रणनी कोर्ट ने शुक्रवार को सबरीमाला मंदिर गोल्ड चोरी केस के मुख्य आरोपी उन्नि कृष्णन पोट्टी को 30 अक्टूबर तक रिमांड में भेज दिया.**

पोट्टी को गुरुवार देर रात 2.30 बजे हिरासत में लिया गया था और 14 घंटे की पूछताछ के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी को कोर्ट ले जाते वक्त उसने मीडिया के सामने कहा, मुझे इस मामले में फंसाया जा रहा है, असली दोषी कानून के सामने आएंगे. इस दौरान कोर्ट परिसर में किसी ने पोट्टी पर जूता भी फेंका, जिसे पुलिस ने तुरंत हिरासत में ले लिया. जांच में सामने आया कि 1998 में जिन मूर्तियों पर असली सोना चढ़ाया गया था, उन्हें 2019 में फिर से प्लेटिंग के लिए भेजा गया. उस समय 42.8 किलो सोना मौजूद था, लेकिन जब ये प्लेट्स चेन्नई की स्मार्ट क्रिएशंस कंपनी पहुंचीं, तब वजन घटकर 38.2 किलो रह गया. रिपोर्ट के अनुसार, उन्निकृष्णन पोट्टी ने इस दौरान करीब 2 किलो सोना हड़प लिया. वह 2004 से 2008 तक मंदिर पुजारी का सहायक रहा है और मूर्तियों की संरचना व प्रक्रिया से भली-भांति परिचित था. रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि सोना चोरी के बाद पोट्टी ने अन्य दानदाताओं से सोना इकट्ठा किया.

## मंगोलिया के प्रधानमंत्री गोम्बोजाव को हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी

**उलानबटार, 17 अक्टूबर.** मंगोलिया की संसद स्टेट ग्रेट खुराल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री ज़ंदनशतर गोम्बोजाव को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा करने के बाद उसे मंजूरी दे दी. संसद में चर्चा से पहले संसद की स्थायी समिति ने 16 अक्टूबर को इस प्रस्ताव पर चर्चा की थी लेकिन इसने प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था. संसद में शुक्रवार के अधिवेशन में सदस्यों ने इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की और 71 सदस्यों ने पीएम को हटाने के पक्ष में मतदान किया. गोम्बोजाव तब तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में काम करते रहेंगे, जब तक नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति नहीं हो जाती.

# उड़ानों के हवाई किराए में भारी बढ़ोत्तरी

### डीजीसीए की सलाह के बावजूद बढ़ाया किराया

**कोलकाता, 17 अक्टूबर. काली पूजा से पहले कोलकाता आने वाली प्रमुख विमान सेवाओं के किराये में भारी बढ़ोत्तरी हुयी है, जबकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइनों से त्योहार के मौसम में कीमतें सस्ती रखने का आग्रह किया है.**

डीजीसीए ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विमानन कंपनियों को और ज्यादा उड़ानें शामिल करने की सलाह दी लेकिन इस उपाय का टिकट की कीमतों पर बहुत कम प्रभाव पड़ा है. ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म के अनुसार, मुंबई से कोलकाता तक का एक तरफ का इकॉनामी किराया जो आमतौर पर 7,000 से 8,000 रुपये के बीच होता है, वह गुरुवार को बढ़कर 27,000 रुपये तक पहुंच गया. इसी तरह बेंगलुरु, दिल्ली और हैदराबाद के मार्गों पर भी किराए में बढ़ोतरी देखी गई. बिज़नेस क्लास के किराए में भी तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है और कुछ टिकटों की कीमत अब 70,000 रुपये से भी ज़्यादा हो गई जबकि आमतौर पर यह 30,000 से 35,000 रुपये के बीच होती है. दीपावाली और भाई दूज अन्य त्यौहारों के कारण यात्रियों की भीड़ बढ़ गयी है. मुंबई-कोलकाता टिकट की कीमत 27,000 रुपये थी जबकि कीमतें 26,500 रुपये के आसपास रहने का अनुमान है.

बेंगलुरु-कोलकाता का किराया जो आमतौर पर 7,000-8,000 रुपये के आसपास होता है गुरुवार को 15,500 रुपये और शनिवार को 18,500 रुपये हो गया. दिल्ली-कोलकाता उड़ानों का किराया 7,000 रुपये से बढ़कर 15,000 रुपये हो गया जबकि हैदराबाद से एक तरफ़ का किराया 18,000 रुपये से ज्यादा हो गया है. दिलचस्प बात यह है कि कोलकाता आने वाले विमानों के किराए में वृद्धि हुई है जबकि दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगर जाने वाली उड़ानें सामान्य स्तर पर बनी हुयी हैं.

# अयोध्या फिर रिकार्ड बनाएगी मां सरयू की महाआरती

**अयोध्या, 17 अक्टूबर. दीपोत्सव अयोध्या को नई ऐतिहासिक ऊंचाइयों पर ले जाने जा रहा है.**

प्रभु श्रीराम की नगरी न केवल लाखों दीपों से जगमगाएगी, बल्कि इस बार सरयू तट पर मां सरयू की भव्य आरती भी इतिहास रचने जा रही है. गौरतलब है कि पिछली बार 1151 लोगों ने सामूहिक रूप से सरयू की आरती कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया था. इस बार यह आयोजन उससे भी दोगुने स्तर पर किया जा रहा है, जो अयोध्या की आध्यात्मिक शक्ति और सामूहिक भक्ति का नया अध्याय लिखेगा. इस आरती का आयोजन जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से किया जा रहा है. आयोजन 19 अक्टूबर की शाम 5 बजे होगा. आरती स्थल को 11 जोन में विभाजित किया गया है. नयाघाट से लेकर लक्ष्मण घाट तक विस्तारित इस स्थल के प्रत्येक जोन में 200 प्रतिभागियों के खड़े होकर आरती करने की व्यवस्था की गई है. महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं. आयोजन अयोध्या की परंपरा व योगी सरकार की भावनाओं के अनुरूप होगा. जिसमें हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई है.

**जयंती समारोह** अन्नदाता, श्रमिक, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा

# कांग्रेस-सपा की रणनीति फूट डालो और शासन करो

**लखनऊ, 17 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं.**



ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर राजधानी के अटल कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी. उनकी कोशिश थी कि भारत कभी एक न हो सके लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति से 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया.

उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधानसभा तक पहुंचाया जाए. 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा. 1 नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी. इसमें आर्मी के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा.

# उत्तरी वजीरिस्तान में टीटीपी के हमले में सात सैनिकों की मौत

**मीरानशाह, 17 अक्टूबर. पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली में एक सैन्य शिविर पर हुए एक आत्मघाती हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने शुक्रवार को इस हमले की पुष्टि की.**

पुलिस जांच के अनुसार, हमला तब हुआ जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी सैन्य परिसर में घुसा दी. विस्फोट के बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो हुई जिसमें टीटीपी के तीन लड़ाके भी मारे गए.

आत्मघाती विस्फोट से आस-पास के घरों को बहुत नुकसान पहुंचा तथा घटनास्थल से प्राप्त वीडियो के अनुसार हवा में घना काला धुआं उठता हुआ दिखाई दिया. टीटीपी ने औपचारिक रूप से इस हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि उसके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहादर ने इस हमले को अंजाम दिया है.

यह हमला पाकिस्तानी सेना और अफगान तालिबान के बीच डूरंड रेखा पर 48 घंटे के युद्धविराम के बाद हुआ है जब एक सप्ताह तक चली भीषण सीमापार झड़पों में दोनों ओर के दर्जनों लड़ाके मारे गए थे.